आनलाइन धोखाधड़ी के प्रति किया जागरूक

सुंदरनगर : राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सुंदरनगर के उन्नत भारत अभियान क्लब द्वारा गोद लिए भनवाड़, चाजवाड़ व पत्योरा गांव में डिजिटल सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीणों आनलाइन धोखाधड़ी, साइबर अपराध तथा डिजिटल ठगी के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया गया। लोगों को यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की आनलाइन धोखाधड़ी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई जाए। कार्यक्रम का आयोजन एवं समन्वयन पुनीता ठाकुर ,बंदना दीक्षित, प्रणव भारद्वाज, अखिल पुंडीर एवं सुरजीत सिंह द्वारा किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर नीरज उप्पल ने बताया कि उन्नत भारत अभियान योजना का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों को गांवों से जोड़ना है, ताकि वे अपने ज्ञान एवं कौशल का उपयोग करके ग्रामीण समुदायों की चुनौतियों का समाधान कर सकें और उनकी सामाजिक व आर्थिक बेहतरी में योगदान दे सकें। (संस)